# कार्रवाई में 20 करोड़ की गड़बड़ी मिली

## ईओडब्ल्यू व जीएसटी विभाग ने की छापामार संयुक्त कार्यवाही, फर्जी बोगस दस्तावेज भी मिले

**सिंगरौली 3 सितम्बर. जीएसटी अपवंचन की सूचना पर आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ ईओडब्ल्यू एवं जीएसटी विभाग की संयुक्त कार्यवाही में बीते मंगलवार को जिले में व्यापक स्तर पर छापेमारी कार्यवाही की गई.**

यह कार्रवाई सिंगरौली-बैढ़न के साथ-साथ प्रदेश के अन्य जिलों में जारी है. उक्त कार्रवाई से आज बैढ़न के कई कथित कर एसोसिएट के दफ्तरों में ताले बंद नजर आये. जीएसटी एवं ईओडब्ल्यू को सूचना प्राप्त हुई थी कि कर सलाहकार अनिल कुमार शाह बैढ़न के द्वारा अनेक फर्मों से बोगस इनपुट टैक्स केडिट लेकर स्थानीय फर्मों को उपलब्ध कराई गई, जिसके एवज में आर्थिक लाभ, कमीशन अनिल कुमार शाह के द्वारा प्राप्त किया गया. फर्मों द्वारा बिना माल अथवा सेवाओं के वास्तविक प्राप्ति के आईटीसी इनपुट टैक्स केडिट हासिल कर करीब 20 करोड़ की राजस्व क्षति शासन को पहुंचायी गई है. फिलहाल ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है और यह जीएसटी अपवंचन की राशि बढ़ने की संभावना हैं. वहीं सूत्र बताते हैं कि जांच दल द्वारा जप्त किये गये दस्तावेजों एवं डिजिटल डाटा का परीक्षण किया जा रहा है.



सूत्र बताते हैं कि जीएसटी एवं ईओडब्ल्यू टीम की संयुक्त कार्रवाई के दौरान कर सलाहकार अनिल शाह एके एसोसिएट से कई धनाढ्य तरह-तरह के कारोबारी से बेहतर तालमेल है. अपुष्ट सूत्रों की बात माने तो ब्लैक मनी को वाईट करने के लिए ठेकेदार एवं कोल ट्रांसपोटर कर सलाहकार से मिले हुये थे. ईओडब्ल्यू के एसपी भी मानते हैं कि कई लोग कर सलाहकार से जुड़े हैं. फिलहाल कर सलाहकार के अब चन्द वर्षो में अर्जित चल-अचल संपत्तियों को लेकर भी लोगबाग तरह-तरह की चर्चाएं करने लगे हैं.

# रपटा पार करते समय नाले में बहा बाइक सवार

### एसडीआरएफ को मिली बाइक

**हरदा 3 सितंबर. सिविल लाइन थाना क्षेत्र में एक दुखद घटना सामने आई है. ग्राम झाड़पा और नीलगढ़ के बीच स्थित एक नाले में मंगलवार रात को एक बाइक सवार बह गया.**

घटना में शेखर विश्नोई (40) नामक व्यक्ति लापता हो गया. वह मूल रूप से सीहोर जिले के इटावा के महादेव नगर का रहने वाला है और कुछ सालों से नीलगढ़ में अपनी ससुराल में रह रहा था. मंगलवार रात को शेखर जब रपटे को पार कर रहा था, तब तेज बहाव में बह गया. बुधवार सुबह तक घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की और पुलिस को सूचित किया.



स्थानीय लोगों के अनुसार यह नाला आगे जाकर अजनाल नदी में मिलता है. बुधवार को दोपहर और शाम को हुई तेज बारिश के कारण सर्चिग कार्य में बाधा आई. गुरुवार सुबह से फिर से तलाश अभियान शुरू किया जाएगा. एसडीआरएफ की टीम ने सर्चिग के दौरान रपटे से लगभग बीस फीट दूर नाले से शेखर की बाइक बरामद कर ली है. लेकिन बुधवार देर शाम तक उसका कोई पता नहीं चल पाया है.

# कांग्रेस बचाओ के लगे पोस्टर, अंतर कलह आई सामने

**रीवा, 3 सितम्बर.** संगठन सृजन अभियान के मंथन के बाद जिला एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष की घोषणा की गई. सूची जारी होने के बाद से ही रीवा सहित विंध्य में विरोध शुरू हो गया था. लेकिन अब अंतरकलह खुलकर सामने आ गई है. रीवा में कई जगह पोस्टर लगाए गए है जिसमें लिखा गया है कांग्रेस बचाओ, रायसुमारी चोरी हो गई है. आखिर यह पोस्टर किसने लगाए होगे, पार्टी के ही नाराज लोगो की यह हरकत लग रही है. शहर में जगह-जगह यह पोस्टर लगाए गए है जिसमें राहुल गांधी की फोटो लगी हुई है. अध्यक्ष के घोषणा के बाद से ही विरोध के स्वर अंकुरित हो रहे थे लेकिन अब यह लड़ाई पोस्टर वार का रूप ले चुकी है.

# शिक्षक रखेंगे उपवास

**बड़वानी.** नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम मप्र के राष्ट्रीय एवं प्रांतीय आह्वान पर कार्यक्रम आयोजित होगा. शिक्षक दिवस पर सुबह 10 बजे से जिला शाखा प्रतिनिधि मंडल द्वारा गांधी स्मारक कुकरा बसाहट पर ई अटेंडेंस, नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता और पुरानी पेंशन बहाली के लिए जिला स्तरीय उपवास रखा जाएगा. जिलाध्यक्ष शैलेंद्र जाधव, जिला कार्यकारी यशवंतसिंह चौहान और महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष विनीता मुलेवा ने अधिकारी और कर्मचारियों से शामिल होने की अपील की है.

# ट्रेनों से बैग चुराने वाली महिला गैंग पकड़ी

### ट्रेनों में सोना-चांदी के गहनों पर करते थे हाथ साफ, गैंग ग्वालियर, झांसी में थी सक्रिय

**ग्वालियर, 3 सितम्बर . ट्रेनों और रेलवे स्टेशन से यात्रियों के बैग से सोने चांदी के गहने चुराने वाली महिला चोर गैंग की दो महिलाएं पकड़ी गई हैं.**

शिवानी वाल्मीकि और बिंदिया जाटव को जीआरपी ने पकड़ा है. फूलबाग और मेला रॉड पर झुग्गी झोपड़ी में रहती थी ये दोनों महिलाएं. महिला गैंग यात्रियों के सोने चांदी के गहने चुराने की वारदात करती थीं. चोर गैंग ग्वालियर झांसी और भिंड स्टेशन पर सक्रिय थी.



जीआरपी अब इन महिलाओं को चोरी करने के लिए प्रेरित करने वाले मुख्य सरगना की तलाश में जुटी है. दोनों आरोपी महिलाओं से चार लाख 15 हजार कीमत के सोने चांदी के गहने बरामद किए गए हैं. कई राज्यों में इस चोर गैंग का नेटवर्क फैला है. जीआरपी महिलाओं से पूछताछ में जुटी है. ट्रेन और रेलवे स्टेशन पर चोर गैंग ने तीन माह में 7 चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया था.

# 48 घंटे से जारी बारिश से नदी उफान पर, हाईवे जाम

**ग्वालियर, 3 सितम्बर. ग्वालियर अंचल में लगातार 48 घंटों से आफत की बारिश जारी है. लगातार बारिश से अंचल के नदी नाले ओवरफ्लो चल रहे है.**

वहीं बारिश से हाईवे, सड़कें धंस रही है. तिघरा सहित आसपास के बांधों के गेट खुलने से गडढों, सड़कों पर जलभराव हो गया है. इससे लोगों को आवाजाही में परेशानी हो रही है और वाहन भी पसर रहे है. डबरा में कुछ स्थानों पर जलभराव के कारण कई परिवार फंस गए, जिन्हें पुलिस, प्रशासन और एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू कर निकाला है. बारिश के चलते जौरासी पहाड़ी से बड़े-बड़े पत्थर टूटकर हाइवे पर आने लगे. अचानक हुई घटना से कुछ वाहन चालक हादसे का शिकार होने से बचे. इधर ग्वालियर के निचले इलाके जलमग्न हो गये है. पानी निकालने के लिये दिनभर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां सड़कों पर दौड़ती रही. बीते 48 घंटों से ज्यादा से लगातार हो रही बारिश ने शहर और देहात में कोहराम मचा रखा है.



### बांध से छोड़ा पानी

दिनभर बारिश से जहां सड़कें जलमग्न है. बाजार में ग्राहकी शून्य है. वहीं बारिश से मंडी में सब्जियों की आवक नहीं होने से सब्जियों के दाम आसमान छूने लगे हैं. इधर आफत की बारिश से रमौआ बांध से पानी छोड़े जाने के बाद सिरोल चैराहे पर पानी का बहाव आने से थाने और चौराहे के बीच का आवागमन बंद हो गया. कई जगह सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात किया गया है. इसी तरह भितरवार, डबरा, डबरा देहात में भी अत्याधिक जलभराव के हालत है. इन इलाकों में पुलिस और प्रशासन की टीम अलर्ट मोड पर रहकर स्थिति पर नजर रखे हुए है.

# पिस्टल-कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

## कोतवाली पुलिस ने की दबिश कार्यवाही

**सीधी 3 सितंबर.कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए अवैध पिस्टल और कारतूस के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया.**

पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं डीएसपी मुख्यालय अमन मिश्रा के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक कन्हैया सिंह बघेल के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस ने मुखबिर सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए अवैध पिस्टल रखने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर पिस्टल एवं जिंदा कारतूस जप्त किए हैं. पुलिस के अनुसार थाना प्रभारी कोतवाली को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम जोगीपुर बाबा ढाबा के पास एक लाल रंग की पल्सर मोटरसाइकिल पर तीन युवक खड़े हैं, जिनके पास पिस्टल है. सूचना पर पुलिस टीम तत्काल रवाना हुई और मौके पर घेराबंदी कर तीनों को पकड़ा गया. तलाशी में एक युवक की कमर से काले बट और सिल्वर बॉडी की पिस्टल बरामद हुई.पिस्टल की मैगजीन चेक करने पर उसमें एक जिंदा कारतूस पाया गया.युवक की पहचान गौरव रजक उर्फ सचिन पिता हरीशचन्द्र रजक निवासी सोनौरा, जिला रीवा के रूप में हुई.

प्रसून तिवारी निवासी अनन्तपुर, रीवा एवं अनुभव मिश्रा निवासी अनन्तपुर,रीवा के रूप में हुई.प्रसून तिवारी के कब्जे से लाल रंग की पल्सर मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी-17-एमजी-2531 भी जप्त की गई.तीनों युवकों को हिरासत में लेकर थाना कोतवाली लाया गया.

**इनका कहना है**

सीधी पुलिस द्वारा अपराध और अपराधियों पर लगातार अंकुश लगाने के लिए त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की जा रही है. आमजन की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है.

**- डॉ. रविन्द्र वर्मा**, एसपी

# भिंड में सैकड़ों किसानों का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी




**भिंड, 3 सितम्बर.** शहर के लहार चुंगी चौराहे पर किसानों ने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन का आंदोलन किया शुरू किसान नेता एवं बार एसोसिएशन के पूर्व जिला अध्यक्ष एडवोकेट नरेंद्र चौधरी ने कलेक्टर पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप कहां राजस्व के कई मामलों में आर आई, पटवारी किसानों से कर रहे उगाई, जब पटवारी से इस मामले में बात की गई तो कई पटवारियों ने कहा कि हमें कलेक्टर साहब को पैसा देना पड़ता है, आंदोलन के दौरान किसानों ने कहा की कलेक्टर खाद की कालाबाजारी करा रहे हैं ऐसा किसानों ने आरोप लगाया इसी कारण किसानों को समय पर खाद नहीं मिल पा रही,जब तक भिंड कलेक्टर को नहीं हटाया जाता तब तक यह अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी रहेगा.

# विसर्जन के लिए लोगों से वसूलेंगे शुल्क

### कलेक्टर ने दिए निर्देश, प्रतिमाओं का शुल्क किया तय

**ग्वालियर, 03 सितम्बर . भगवान श्रीगणेश की बड़ी व छोटी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए जिला प्रशासन व नगर निगम द्वारा इस वर्ष श्रद्धालुओं से शुल्क वसूला जाएगा. इसके लिए कलेक्टर रुचिका चौहान ने बाकयदा दिशा निर्देश दिए जिसमें उन्होंने कहा है कि बड़ी व छोटी प्रतिमाओं के विसर्जन का शुल्क तय किया जाए.**

कलेक्टर रुचिका चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह एवं नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय पूरे सरकारी दल बल के साथ अस्थायी सागर ताल के निकट बनाए जा रहे सरकारी जलाशयों का जायजा लेने पहुंचीं. इस अवसर पर कलेक्टर रुचिका चौहान ने प्रशासनिक अमले से कहा सागरताल के सामने बनाए गए अस्थायी जलाशयों में बड़ी प्रतिमाओं एवं छोटी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए अलग-अलग व्यवस्था रहेगी. छोटी आकार की गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए हर साल की तरह कटोरा ताल के कोने पर भी एक छोटा कुंड तैयार किया गया है.



# गंधवानी का शराब तस्कर अवैध शराब के साथ धार में धराया

**गंधवानी/ धार,03 सितम्बर .** जिले में आबकारी विभाग के द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान मे कार्यवाही कर आबकारी वृत्त धार में वेगन आर कार वाहन तथा 73.5 लीटर अवैध मदिरा जप्त. धार कलेक्टर प्रियंक मिश्र के आदेशानुसार, उपायुक्त आबकारी संभाग इंदौर संजय तिवारी एवं सहायक आबकारी आयुक्त जिला धार राजनारायण सोनी के मार्गदर्शन तथा *सहायक जिला आबकारी अधिकारी दिनेश उदैनिया* के नेतृत्व में अवैध मदिरा के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान में वृत्त धार में इंदौर अहमदाबाद हाई वे पर एक वेगन आर कार से कुल 73.5 बल्क लीटर देसी मदिरा प्लेन, विदेशी व्हिस्की तथा बीयर मदिरा जप्त कर गिरफ्तार आरोपी वाहन चालक अबू सुफियान मुगल उर्फ लकी पिता मुहम्मद रफीक निवासी- गंधवानी, धार तथा निशांत पिता सोहन निवासी अवलदा को गिरफ्तार कर आरोपी पर प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया . उक्त वाहन तथा मदिरा की अनुमानित कीमत लगभग 3,30,000 है . उपरोक्त कार्यवाही नवीन विधान अनुसार वीडियो बनाकर विधिवत की गई . आबकारी उपनिरीक्षक राजकुमार शुक्ला तथा आबकारी मुख्य आरक्षक कैलाश बघेल आरक्षक राजेन्द्र पवार, आशीष माली, मुदस्सर कुरैशी, सैनिक पवन ठाकुर द्वारा की गई .

# प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने पर दिया जोर

## कृषि विकास अधिकारी पेटलावद, थांदला एवं मेघनगर को नोटिस जारी करने के निर्देश

**झाबुआ, 3 सितम्बर. कलेक्टर नेहा मीना की अध्यक्षता में कार्यालय कलेक्टर कक्ष में बैठक के दौरान उपस्थित कृषि एवं संबद्ध विभागो के जिला अधिकारियो को निर्देशित किया कि विभागों में संचालित योजनाओ के सफल क्रियान्वयन हेतु रणनीति तैयार करे ताकि समय सीमा में प्रदत्त लक्ष्यों की पूर्ति की जा सके.**

कृषको को स्वावलंबी बनाने के लिये अगामी रबी मौसम में बीज की उपलब्धता अनुसार बायो फोर्टीफाईड गेहू की किस्मों की काश्त कराने के साथ उनके खेतों में हाई वेल्यू फसलों की काश्त कराने के निर्देश दिये. जिले में खरीफ मौसम अंतर्गत अरहर की कम अवधि में पकने वाली किस्म पुसा अरहर-16 का 1250 हैक्ट. क्षेत्र में किसानो के यहां काश्त कराई गई. कलेक्टर ने कहा कि जिले में प्राकृतिक खेती को बढावा दिया जावे. साथ ही मोटा अनाज जैसे ज्वार, कोदो, रागी आदि फसलो का स्वास्थ्य के प्रति महत्व एवं कम लागत में अधिक लाभ तथा बाजार की अधिक मांग को देखते हुए फसल के रकबे में वृद्धि की जावे, उनके उत्पाद के प्रसंस्करण करने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदत्त किये ताकि कृषको की आय में वृद्धि हो. कलेक्टर द्वारा बैठक में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पेटलावद, थांदला एवं मेघनगर के अनुपस्थित रहने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए.



उद्यानिकी विभाग को टमाटर उत्पादक कृषको का क्लस्टर चयन कर टमाटर ड्रायर ईकाई स्थापित करने के साथ बायर सेलर कंपनी के साथ चर्चा कर उनकी मांग अनुसार उत्पाद उपलब्ध कराया जावे. पीएमएफएमई योजनांतर्गत प्रदत्त लक्ष्यो की पूर्ति हेतु बैंको से समन्वय स्थापित कर निराकरण कराएं. कलेक्टर द्वारा बैठक में उप संचालक उद्यानिकी विभाग से विभाग से संबंधित जानकारी पूछे जाने पर जानकारी ना होने व जवाब नहीं देने के कारण नाराजगी व्यक्त कर नोटिस देने के निर्देश दिए.

# खड़ावदा रोड पर बढ़ते गड्ढे हादसों को दे रहे निमंत्रण

**गरोठ 3 सितंबर. तहसील क्षेत्र के अंतर्गत खड़ावदा रोड पर बढ़ते गड्ढे हादसों का कारण बनते जा रहे हैं. बावड़ीखेड़ा से पिपलिया जट्टी की ओर मोड़ पर स्थित 4-5 बड़े गड्ढे कभी भी गंभीर हादसे का कारण बन सकते हैं. मुख्य मार्ग पर इन गड्ढों को लेकर नागरिकों में आक्रोश है, वहीं जिम्मेदार लोक निर्माण विभाग की लापरवाही साफ दिखाई दे रही है.**

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सड़क पर छोटे-बड़े वाहन गड्ढों के कारण आए दिन खतरे का सामना कर रहे हैं. सड़क मरम्मत के लिए हर साल पेचवर्क और गड्ढा भराई के कार्य होते हैं, लेकिन बारिश के मौसम में सारा मटेरियल बह जाता है और गड्ढे जस के तस रह जाते हैं. खड़ावदा रोड से साठखेड़ा, बालोदा, सेमरोल, बर्रामा और रामनगर समेत कई गांव जुड़े हुए हैं, जहां से रोजाना सैकड़ों वाहन और नागरिक गुजरते हैं. इस गंभीर स्थिति को देखते हुए आक्या कुंवर पदा के सरपंच विनोद बैरागी ने सोशल मीडिया और अधिकारियों को गड्ढों की सूचना दी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई.

नागरिकों का कहना है कि यह समस्या छोटी दिख रही है, लेकिन समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो बड़ा हादसा हो सकता है. लोगों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से सड़क पर गड्ढों की मरम्मत करवाने की मांग की है.

**बैठक** रीवा में खाद वितरण व्यवस्था की समीक्षा, उप मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश

# टोकन व्यवस्था सुचारू रूप से लागू की जाए : शुक्ल

**भोपाल, 3 सितम्बर. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में रीवा जिले की खाद वितरण व्यवस्था की समीक्षा की. उन्होंने कहा कि विंध्य क्षेत्र में सिंचाई साधनों की लगातार वृद्धि से खाद की मांग बढ़ी है.**

कई किसान साल में तीन फसलें ले रहे हैं, इसलिए उन्हें समय पर पर्याप्त खाद मिलना जरूरी है. शुक्ल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्टॉक और वितरण व्यवस्था पूरी तरह सुव्यवस्थित रहे. साथ ही टोकन व्यवस्था सुचारू रूप से लागू की जाए और किसानों की सुविधा के लिए हर जरूरी कदम उठाए जाएं.

**तीन दिन में पहुंचेगी नई खेप :** बैठक में बताया गया कि अगले तीन दिनों में रीवा जिले में यूरिया की नई खेप पहुंचेगी. एनएफएल की 1,900 मीट्रिक टन की रैक रात तक आने की संभावना है. वहीं इफको की 2,700 मीट्रिक टन यूरिया रैक फूलपुर प्लांट से रवाना हो चुकी है, जो कल शाम तक जिले में पहुंचेगी. इसके अलावा चंबल फर्टिलाइज़र की आधी रैक 6 सितम्बर तक जिले में आने की उम्मीद है. हाल ही में 1,300 मीट्रिक टन की एक आधी रैक 31 अगस्त की रात को रीवा पहुंच चुकी है.

### खाद वितरण की सुचारू व्यवस्था करें

**सतना.** रीवा संभाग बीएस जामोद ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से संभाग के सभी जिलों में खाद वितरण तथा रोजगार मेले की तैयारियों की समीक्षा की. कमिश्नर ने कहा कि सभी कलेक्टर खाद वितरण की सुचारू व्यवस्था करें, जिससे किसानों को बिना किसी कठिनाई के खाद मिल सके. खाद की उपलब्धता, वितरण तथा सात दिनों में आने वाली खाद की रैक का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं.

### ग्वालियर में जल्द पहुंचेगी खाद की नई खेप

**ग्वालियर.** प्रदेश के कई हिस्सों मे दतिया , ग्वालियर , भिंड और मुरैना जिले के किसानों के लिए अच्छी खबर है। खरीफ सीजन में खाद की बढ़ती मांग को देखते हुए सरकार ने पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराने की तैयारी कर ली है। अगले चार दिनों में रेलवे की पाँच रैक ग्वालियर संभाग में पहुँचेंगी, जिनमें यूरिया, डीएपी और अमोनियम फास्फेट सल्फेट सहित कुल 8,170 मीट्रिक टन से अधिक खाद लाई जा रही है।

**अलग-अलग जिलों में होगी सप्लाई :** संभागीय संयुक्त संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास आरएस शाक्यवार ने बताया कि 3 सितम्बर को दो रैक डबरा आएँगी। इनमें से एक में इफको कंपनी की 1835 .80 मीट्रिक टन डीएपी, जबकि दूसरी में 892 .50 मीट्रिक टन अमोनियम फास्फेट सल्फेट होगी। यह खेप ग्वालियर और दतिया जिले के किसानों के लिए उपलब्ध कराई जाएगी। इसके बाद 4 सितम्बर को ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर कॉर्पोरेशन लिमिटेड की एक रैक 2680 .02 मीट्रिक टन यूरिया लेकर डबरा पहुँचेगी।

# बन रही थी नकली खाद, गोदाम व दो दुकानें सील

### नामी कंपनी के नाम पर की जा रही थी पैकिंग

**शुजालपुर, 3 सितंबर. कृषि विभाग एवं प्रशासन ने गोपनीय सूचना के आधार पर बुधवार को शुजालपुर में आष्टा हाईवे पर कार्यवाही करते हुए एक गोदाम से बड़ी मात्रा में नकली खाद की बोरियां बरामद की. इस मामले में आगामी कार्यवाही की जा रही है.**

अधिकारियों की मानें तो नकली खाद बनाने की यह फर्जी इकाई लंबे समय से चल रही थी और इस स्थान पर बनाई गई नामी कंपनी के नाम से नकली खाद बाजारों में भी बेचने के लिए पहुंचाई गई है. विभाग ने इस गोदाम सहित दो अन्य खाद दुकानों को सील किया. कृषि विभाग अधिकारी राहुल पाटीदार, नायब तहसीलदार केएल चौहान सहित शासकीय अमला बुधवार की दोपहर को आष्टा रोड पर गैरखेड़ी जोड़ के समीप स्थित एक गोदाम पर पहुंचा, जहां पाया कि खाद बनाने वाली नामी कंपनी आईपीएल छपी हुई बोरियों में डीएपी खाद पैकिंग किया जा रहा था. यहां पर तोल कांटा सहित पैकिंग करने वाली मशीन व अन्य उपकरण भी मिले.

गोदाम पर मौजूद कर्मचारियों ने यह प्रतिष्ठान पवन मेवाड़ा नामक व्यक्ति का होना बताया. साथ ही गोदाम में 660 खाद के पैक किए हुए बैग सहित खुली बोरियां व खाद बनाने के लिए तैयार किया गया मिक्चर भी मिला.

### लायसेंस भी नहीं था

कृषि विभाग एसडीओ राहुल पाटीदार ने बताया कि यह कार्यवाही मिली सूचना के बाद की गई. जिस स्थान पर डीएपी खाद बनाई जा रही थी, उसका कोई लायसेंस भी नहीं है, इस गोदाम में बनी नकली खाद, राम मंदिर मंडी के समीप स्थित खाद दुकान और गैरखेड़ी जोड के समीप विशाल ट्रेडर्स प्रतिष्ठान पर भी बिक्री के लिए होने की जानकारी मिलने के बाद इस गोदाम व अन्य दो दुकानों को सील किया गया है. जांच उपरांत प्रतिवेदन वरिष्ठ अधिकारियों को प्रेषित किया जाएगा.